भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
03.12.2025 के
अतारांकित प्रश्न सं. 467 का उत्तर

रेल सेवाओं की बहाली

467. डॉ. बायरेड्डी शबरी:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आन्ध्र प्रदेश से जाने वाली उन रेल सेवाओं का ब्यौरा क्या है जिन्हें कोविड-19 महामारी के दौरान रद्द कर दिया गया था अथवा निलंबित कर दिया गया था;

(ख) उन रेलगाड़ियों में से ऐसी रेलगाड़ियों का ब्यौरा क्या है जिन्हें जुलाई, 2025 तक नियमित रूप से परिचालन में लाया जाना है;

(ग) क्या सरकार को रायचूर-काकीनाडा एक्सप्रेस जैसी विशिष्ट सेवाओं की बहाली के लिए लोगों से अभ्यावेदन सरकारी अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उनकी बहाली में विलंब के क्या कारण हैं; और

(घ) क्या सरकार का विचार सभी गैर-बहाल सेवाओं विशेष रूप से पिछड़े या यात्रियों की अधिक संख्या वाले क्षेत्रों में कनेक्टिविटी को प्रभावित करने वाली सेवाओं की समयबद्ध तरीके से समीक्षा करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): कोविड-19 महामारी के प्रसार को रोकने के उद्देश्य से, भारतीय रेल ने 23 मार्च, 2020 से सभी नियमित यात्री रेलगाड़ियों का परिचालन बंद कर दिया था और केवल स्पेशल ट्रेन सेवाएं ही परिचालित की जा रही थी।

भारतीय रेल ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मुंबई की सहायता से रेलगाड़ी सेवाओं के यौक्तिकरण सहित समय-सारणी का भी वैज्ञानिक तरीके से यौक्तिकरण किया। इस प्रयास में अन्य बातों के साथ-साथ अनुरक्षण कॉरिडोर ब्लॉक्स का निर्माण कर बेहतर यात्री संरक्षा प्रदान करना, रेलगाड़ी सेवाओं की गति बढ़ाना और समयपालन में सुधार करना शामिल है। नवंबर

2021 से, एक्सप्रेस रेलगाड़ी सेवाएं युक्तिसंगत समय सारणी और नियमित संख्या के अनुसार परिचालित की जा रही हैं।

चूँकि रेल नेटवर्क राज्यों की सीमाओं के आर-पार फैला होता है, इसलिए नेटवर्क की आवश्यकता के अनुसार, इन सीमाओं के आर-पार रेलगाड़ियां चलाई जाती हैं।

भारतीय रेल कोविड-19 से पूर्व 11,283 (1,768 लंबी दूरी की मेल/एक्सप्रेस सहित) गाड़ी सेवाओं की तुलना में वर्तमान में दैनिक रूप से औसतन 11,740 (2,238 लंबी दूरी की मेल/एक्सप्रेस सहित) गाड़ी सेवाओं का परिचालन करती है।

भारतीय रेल, त्यौहारों, अवकाश आदि के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त आवश्यकताओं को पूरा करने और नियमित रेलगाड़ियों द्वारा उपलब्ध एकोमोडेशन के पूरक के रूप में स्पेशल ट्रेन चलाती है। तदनुसार, रायचूर और काकीनाडा खंड की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, भारतीय रेल ने जनवरी-मार्च, 2020 के दौरान 07245/46 काकीनाडा-रायचूर स्पेशल (नंदयाल होते हुए द्वि-साप्ताहिक सेवा) का परिचालन किया। इस समय, 07033/34 मैसूरु-काकीनाडा टाउन स्पेशल (रायचूर होते हुए) रायचूर-काकीनाडा खंड की आवश्यकताओं को पूरा कर रही है।

किसी भी मार्ग/खंड पर नई रेलगाड़ी सेवाओं की शुरुआत कई कारकों पर निर्भर करती है, जिनमें शामिल हैं-

- उस खंड की क्षमता
- मार्ग की उपलब्धता
- अपेक्षित चल स्टॉक की उपलब्धता
- चल स्टॉक के लिए समान अवसंरचना की उपलब्धता
- रेलपथों और अन्य परिसंपत्तियों की अनुरक्षण आवश्यकता

तदनुसार, नंदयाल को से 03 जोड़ी नियमित सेवाओं से समालकोट (काकीनाड़ा से 13 कि.मी.) द्वारा जुड़ा हुआ है, जिसमें 18463/64 बेंगलुरु-भुवनेश्वर प्रशांति एक्सप्रेस की दैनिक सेवा शामिल है। इसके अतिरिक्त, इस सेक्टर के लिए एक जोड़ी स्पेशन ट्रेन भी सेवा प्रदान कर रही है।

रेलगाड़ियों को शुरू/बहाल करने के लिए संसद सदस्यों, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, संगठनों/रेल उपयोगकर्ताओं आदि से रेलवे बोर्ड, क्षेत्रीय रेलवे, मंडल कार्यालय आदि सहित विभिन्न स्तरों पर अन्य बातों के साथ-साथ औपचारिक और अनौपचारिक दोनों तरह के प्रस्ताव/अनुरोध/सुझाव/ अभ्यावेदन प्राप्त होते हैं। चूंकि, ऐसे प्रस्तावों/अनुरोधों/सुझावों का प्राप्त होना सतत् और गतिशील प्रक्रिया है, इसलिए, ऐसे अनुरोधों का केंद्रीकृत संग्रह नहीं रखा जाता है। बहरहाल, इनकी जाँच की जाती है और समय-समय पर व्यवहार्य और उचित पाए जाने पर कार्रवाई की जाती है, जो एक सतत् प्रक्रिया है।

******